# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 21 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 07 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## शाहपुरा में चोरों का आतंकः एक ही रात में चार जगह चोरियों की वारदात, दो बाइक और कबाड़ का सामान उड़ा ले गए चोर

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

शाहपुरा शहर में शनिवार रात चोरों ने जमकर आतंक मचाया। एक ही रात में चार अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम देते हुए चोर दो मोटरसाइकिल और कबाड़ का सामान चुरा ले गए। इन घटनाओं से शहरवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है, वहीं पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



जानकारी के अनुसार, मनिहार कॉटेज के पास खड़ी एक मोटरसाइकिल को चोर चुरा ले गए। वहीं, सोपुरा चौराहा क्षेत्र से भी एक अन्य बाइक चोरी की गई। इसके अलावा सेवनी चौराहा स्थित पार्षद राजेश के कबाड़ गोदाम का ताला तोड़कर वहां से चोर सामान लेकर फरार हो गए।

लगातार हो रही चोरियों ने आमजन को चिंता में डाल दिया है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि पुलिस रात्रि गश्त को प्रभावी बनाए और वारदातों की त्वरित जांच कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।

## ज्वैलर्स की दुकान में सेंधमारी, ढाई किलो चांदी चोरी

### सीसीटीवी में संदिग्ध कैद, पुलिस जांच में जुटी




भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़

बेंगू शहर के मिस्त्री मार्केट स्थित ज्वैलर्स की दुकान अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर करीब ढाई किलो चांदी के गहनों और बर्तनों की चोरी कर ली। चोर कॉम्पलेक्स के पिछले रास्ते से घुसकर दुकान के पिछले हिस्से में रखे डिब्बों को खंगालकर माल ले गए। इस दौरान मुख्य दुकान में घुसने की कोशिश नाकाम रही, चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांधे नजर आया।

दुकान संचालक सुरेश शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच साक्ष्य जुटाए है और फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## जहाजपुर हत्या प्रकरणः दो आरोपी गिरफ्तार, सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान

### भीड़ द्वारा युवक की पीट-पीटकर हत्या का मामला, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जहाजपुर में सड़क विवाद के बाद हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों बाबू खां पुत्र अजीम खां व ईस मोहम्मद पुत्र शरीफ मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई। अन्य हमलावरों की तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित कर सघन प्रयास किए जा रहे हैं।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर एएसपी शाहपुरा राजेश आर्य के मार्गदर्शन और डीएसपी जहाजपुर नरेंद्र पारीक की निगरानी में थाना प्रभारी राजकुमार नायक के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। जिसने इस कार्वाई को अंजाम दिया है



गौरतलब है कि शुक्रवार शाम जहाजपुर कस्बे के तकिया मस्जिद क्षेत्र में एक प्याज के ठेले से कार की हल्की टक्कर के बाद उत्पन्न विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। टोंक जिले के छावनी निवासी सीताराम पुत्र मोहन कीर की मौके पर ही भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। मृतक के साले खाना पुत्र बंशी कीर की रिपोर्ट के अनुसार, सीताराम अपने साले और अन्य साथियों के साथ बाजार गया था। ठेले से टक्कर के बाद सीताराम ने माफी मांगकर नुकसान भरपाई की बात कही, लेकिन इसी दौरान मोहल्ले के करीब 20-25 लोग एकत्र होकर उस पर टूट पड़े। भीड़ ने गाड़ी की वायरिंग तक निकाल दी, जिससे कार स्टार्ट नहीं हो सकी। घायलावस्था में उसे बाइक से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जांच टीम में थाना प्रभारी राजकुमार नायक, कांस्टेबल राकेश, गिर्राज, रामचंद्र, काशीराम, कमलेश कुमार व मंगल सिंह शामिल रहे।

पुलिस का कहना है कि शेष आरोपियों की पहचान की जा चुकी है और उनकी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।

## संघर्ष, दृढ़ संकल्प और सफलता की मिसाल बनी अनुप्रिया

### नौ साल बाद स्व-अध्ययन से पास की CA परीक्षा

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

(रमेश चंद्र डाड)। संघर्ष ही जीवन की सच्चाई है और दृढ़ संकल्प उसे सफलता में बदल देता है। इस कहावत को सच कर दिखाया है बरूंदनी गांव की बहू अनुप्रिया ने, जो अब चार्टर्ड अकाउंटेंट CA बन चुकी हैं। अनुप्रिया ने 2012 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर ए बनने का सपना देखा। मेधावी रही अनुप्रिया ने उसी वर्ष छक्क परीक्षा पास की और वर्ष 2016-17 तक इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुप भी सफलतापूर्वक निकाल लिए। लेकिन फिर जीवन ने एक नया मोड़ लिया – शादी, गृहस्थी और 2020 में एक प्यारी सी बेटी की मां बनीं।



इन जिम्मेदारियों के चलते पढ़ाई लगभग छूट गई। लेकिन सपनों से रिश्ता अभी टूटा नहीं था। सात साल बाद, जब बेटी तीन वर्ष की हुई, अनुप्रिया ने स्व-अध्ययन से पुनः तैयारी शुरू की। न कोचिंग, न कोई विशेष मार्गदर्शन – बस आत्मविश्वास, मेहनत और जुनून। दो बार असफल होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। हर बार और मजबूत इरादे के साथ किताबों में डूब जातीं। आखिरकार मई 2025 में उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की परीक्षा उत्तीर्ण कर सपनों को साकार कर दिखाया। यह कहानी सिर्फ एक डिग्री पाने की नहीं है, बल्कि यह उन हजारों महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच अपने सपनों को दबा देती हैं। अनुप्रिया ने साबित किया कि यदि नीयत साफ और संकल्प अडिग हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

## जहाजपुर हत्याकांड के विरोध में बंद रहा बिजौलिया, चारभुजानाथ चौक पर हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

जहाजपुर में युवक सीताराम कीर की हत्या के बाद उपजे जनआक्रोश के समर्थन में सनातन उत्सव समिति के आह्वान पर रविवार को बिजौलिया कस्बा पूरी तरह बंद रहा। घटना को लेकर लोगों में गहरा रोष देखने को मिला और सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों और बाजारों ने स्वतःस्फूर्त बंद का समर्थन किया। सुबह से ही कस्बे की गलियों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।




### शांति और संयम के साथ बंद को सफल बनाया

बंद के दौरान नागरिकों ने पूर्ण शांति और अनुशासन का परिचय दिया। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। तहसीलदार ललित डीडवानिया ने बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जबकि पुलिस बल संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात रहा और नियमित गश्त व निगरानी की जाती रही।



### चारभुजानाथ चौक पर हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

बंद के दौरान दोपहर 12 बजे चारभुजानाथ चौक पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। पाठ के माध्यम से श्रद्धालुओं ने सामाजिक समरसता, शांति और धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

### जुलूस रूट में किया गया बदलाव

बंद को देखते हुए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर मुस्लिम समाज के मोहर्रम जुलूस के पारंपरिक रूट में आंशिक बदलाव किया। निर्णय कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनज़र लिया गया। पुलिस प्रशासन की ओर से पूरे दिन निगरानी की गई, ताकि कोई स्थिति बिगड़ने न पाए।

### जनभावनाओं का सम्मान, किसी समुदाय के खिलाफ नहीं


सनातन उत्सव समिति ने स्पष्ट किया कि यह बंद किसी विशेष समुदाय के विरोध में नहीं, बल्कि जहाजपुर में हुई नृशंस हत्या और हालिया घटनाओं के खिलाफ शांतिपूर्ण जनप्रदर्शन है। समिति ने नगरवासियों से मिले व्यापक समर्थन और सहयोग के लिए आभार जताया तथा प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## श्री सांवलिया सेठ मंदिर में देवशयनी एकादशी पर श्रीराम रूप में श्रृंगार

### भक्त भावविभोर, भजन-कीर्तन व प्रसादी वितरण हुआ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नौगांवा स्थित श्री सांवलिया सेठ मंदिर में रविवार को देवशयनी एकादशी के अवसर पर भगवान का मनोहारी श्रीराम रूप में विशेष श्रृंगार किया गया। इंदौर के कारीगरों द्वारा तैयार धनुषधारी पोशाक पहनाकर भगवान का अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसे देख श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, गौसेवा, और प्रसादी वितरण हुआ। राकेश व हितेश ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर गोशाला में भोजन प्रसादी व पौध वितरण किया। ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि आगामी 7 जुलाई को बैठक, 10 को हवन व गुरु पूजन तथा 11 जुलाई से सावन झूला दर्शन शुरू होंगे। 16 अगस्त को जन्माष्टमी की चलित झांकियां सजाई जाएंगी।



# बीगोद में ताजिया जुलूस निकला धूमधाम से, पुलिस रही तैनात



**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

मुस्लिम समुदाय ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में रविवार को ताजिया जुलूस निकाला। यह मातमी जुलूस सुबह 10 बजे शहरी मोहल्ला हुसैन चौक से ढोल-नगाड़ों और मातमी धुनों के साथ प्रारंभ हुआ, जो रामा की खूंट, पुराना बाजार, बालाजी चौक होते हुए पुनः हुसैन चौक पहुंचा।

वहां से ताजिया को विधिपूर्वक सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जुलूस में पारंपरिक अंदाज़ में आखाड़ा प्रदर्शन भी हुआ, जिसे देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

जुलूस के शांतिपूर्ण संचालन के लिए प्रशासन सतर्क रहा। मौके पर मांडलगढ़ डीएसपी बाबूलाल बिश्नोई, तहसीलदार बसंत कुमार पांडे, बीगोद थाना अधिकारी जय सुल्तान, गिरदावर चंद्रवीर सिंह, पटवारी नागेंद्र अरुण नागोरा सहित बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात रहा। जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण और श्रद्धा के माहौल में संपन्न हुआ।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर रविवार को भाजपा मंडल कार्यालय पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने डॉ. मुखर्जी के जीवन व राष्ट्रहित में दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका बलिदान हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र राजौरा, मंडल उपाध्यक्ष शांतिलाल जोशी, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील जोशी, महामंत्री मुकेश धाकड़, अनिल खटीक, मीडिया प्रभारी कालू पुरी, अमित जैन, तुलसी रिजवानी, सुनील धाकड़, मुकेश सिंह, निलेश नलवाया, राजू सुथार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रानीखेड़ा में गांव बाहर भोज का आयोजन, मंदिरों में लगाया भोग



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)।** कस्बे के निकटवर्ती रानीखेड़ा गांव में रविवार को वर्षों पुरानी परंपरा के तहत गांव बाहर भोज का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से भोजन तैयार किया और विभिन्न देवस्थानों पर भोग अर्पित कर अच्छी बारिश की कामना की।

ग्रामीणों ने बताया कि चारभुजानाथ, चामुंडा माता, देवनारायण भगवान, तेजाजी महाराज, भैरूनाथ, महादेव जी, हनुमान जी, जोगणिया माता एवं सगस महाराज सहित अन्य मंदिरों में विधिपूर्वक भोग लगाया गया। आयोजन में ग्रामीणों के साथ-साथ सगे-संबंधियों को भी आमंत्रित किया गया, जिससे पूरे गांव में मेला जैसा माहौल बन गया।

ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा गांव में कई वर्षों से चली आ रही है, जिसे हर साल पूरी श्रद्धा और सामूहिकता के साथ निभाया जाता है।

# राम भक्त सकुशल लौटे भीलवाड़ा, रेलवे स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत

## अयोध्या दर्शन कर लौटे 3 हजार श्रद्धालु, पुष्पवर्षा और ढोल-नगाड़ों से हुआ स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना के 48वें जन्मदिवस के अवसर पर विशेष ट्रेन से अयोध्या दर्शन को गए 3 हजार राम भक्तों का दल रविवार सायं सकुशल भीलवाड़ा पहुंचा। रेलवे स्टेशन पर भाजपा जिला संगठन की ओर से जय श्रीराम के नारों, पुष्पवर्षा और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा और विधायक भड़ाना के नेतृत्व में जिले के प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं रामभक्तों ने सरयू नदी, रामलला मंदिर, हनुमानगढ़ी आदि धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। भड़ाना ने अयोध्या में ही अपना जन्मदिन मनाया।

स्वागत कार्यक्रम में बाबूलाल आचार्य, सुरेंद्र सिंह मोटरास, गोपाल तेली, अमित सारस्वत, नागेंद्र सिंह राव, रमेश खोईवाल, मुकेश सोनी, रितु शेखर शर्मा, भगवती प्रसाद जोशी, प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, मंजू चेचाणी, रेखा अजमेरा, प्रतिभा माली, मनोज बुलानी, शंकरलाल जाट, कुलदीप शर्मा, अजीत केसावत, आकाश मालावत सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाचरोद में अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## संजय धाकड़ बने राष्ट्रीय महामंत्री, महिला इकाई व युवा संघ को भी मिला नया नेतृत्व

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**






भारतीय श्री धाकड़ महासभा भारतवर्ष का राष्ट्रीय शपथ ग्रहण समारोह रविवार को मध्यप्रदेश के खाचरोद कस्बे स्थित धाकड़ धर्मशाला में सादगी और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों व पदाधिकारियों की उपस्थिति में नव-निर्वाचित राष्ट्रीय पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

समारोह में संजय धाकड़ बिजौलिया, भीलवाड़ा को राष्ट्रीय महामंत्री पद की शपथ दिलाई गई, वहीं समंदर पटेल (इंदौर) को भी राष्ट्रीय स्तर पर दायित्व सौंपा गया। महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कृष्णा मंडलोई ने पदभार ग्रहण किया, जबकि अखिल भारतीय श्री धाकड़ युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नंदेडा ने नई टीम को नेतृत्व प्रदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम धाकड़ ने की, जबकि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष उमा नारायण पटेल ने मार्गदर्शन प्रदान किया। शपथ ग्रहण समारोह समाज की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बना, जिसमें विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

समाज की ओर से वक्ताओं ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया।

# महासाध्वी कुमुदलता म.सा. का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 8 को , धांधोलाई स्कूल ग्राउण्ड में होगा भव्य आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**





सुभाषनगर स्थित जैन स्थानक में चातुर्मास हेतु पधार रहीं श्रमण संघीय महासाध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. आदि ठाणा-4 का मंगल प्रवेश 8 जुलाई को भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। सुबह 9 बजे आरसी व्यास कॉलोनी स्थित सुनील सुराणा के निवास से कलश यात्रा शुरू होकर धांधोलाई स्कूल ग्राउंड में मुख्य कार्यक्रम के रूप में संपन्न होगी।

महिलाएं चुंदड़ में कलश लेकर व पुरुष श्वेत वस्त्रों में सहभागी बनेंगे। राज्यपाल हरिभाउ बागड़े, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सहकारिता मंत्री गौतम डक, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित कई गणमान्य अतिथि समारोह में शामिल होंगे।

आयोजन स्थल पर हजारों श्रद्धालुओं के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। चातुर्मास समिति अध्यक्ष दौलतमल भड़कत्या व मंत्री राजेंद्र सुराणा ने बताया कि यह अवसर आध्यात्मिक ऊर्जा एवं भक्ति से ओतप्रोत रहेगा।

### शांति भवन में हुआ साध्वी मंडलों का आध्यात्मिक मिलन

रविवार को महासाध्वी कुमुदलता म.सा. का विहार सज्जनविला कॉलोनी से शुरू हुआ, जो शांति भवन पहुंचा। वहां विराजित तप आराधिका विजयप्रभाजी म.सा. से आध्यात्मिक मिलन हुआ। दोपहर में आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अभिषेक सोनी के निवास पर भक्ति कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

QUICK BITES

## गांवों में श्रद्धा व परंपरा के साथ मनाई गई देवशयनी एकादशी


भीलवाड़ा फोकस @आकोला



**(जसवंत पारीक)।** कस्बे सहित क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में रविवार को देवशयनी एकादशी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई और महिलाओं ने व्रत-उपवास कर धार्मिक कथाएं सुनीं। देवशयनी एकादशी से चातुर्मास का आरंभ होता है, जिससे मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। इस दौरान परंपरानुसार छोटी-छोटी बालिकाओं ने कपड़े से बनाए गए दूल्हा-दुल्हन के गुड्डे लेकर डोली बुलाने की रस्म निभाई। शाम को सभी बच्चियां बनास नदी तट पर एकत्रित हुईं, जहां डूली बुलावनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चियों ने एक-दूसरे को चने, नमकीन और फूली खिलाकर प्रेम, सौहार्द और स्नेह का संदेश दिया। यह आयोजन पारंपरिक लोकसंस्कृति और बालिकाओं के सामाजिक-सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक बना रहा।

## आकोला में मोहर्रम पर निकला ताजिया जुलूस

### मातमी धुनों के बीच निकली शोभायात्रा, अखाड़ा प्रदर्शन ने खींचा ध्यान



भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**(जसवंत पारीक)।** कस्बे में रविवार को मोहर्रम के अवसर पर मुस्लिम समाज की ओर से परंपरागत ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरुआत मस्जिद चौक से मातमी धुनों के साथ हुई, जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरते हुए शाम को कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ, जहां ताजिया को सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। इस दौरान समाज के नवयुवकों ने पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। जुलूस के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। बडलियास थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत मय जाप्ता मौके पर तैनात रहे।

जुलूस के समापन पर मुस्लिम समाज की ओर से थाना प्रभारी का साफा पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। आयोजन शांति, सौहार्द और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

## भीलवाड़ा के संकटमोचन हनुमान मंदिर में श्रद्धा और उत्साह से मनाई जाएगी गुरूपूर्णिमा

### महंत बाबूगिरीजी के सान्निध्य में होगा गुरूपूजन, भक्तों को दी जाएगी दीक्षा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाला गुरूपूर्णिमा महोत्सव इस वर्ष भी भीलवाड़ा के मुख्य डाकघर के सामने स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा। यह आयोजन मंदिर के महंत बाबूगिरीजी महाराज के सान्निध्य में 10 जुलाई को सम्पन्न होगा।

मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों रमेश बंसल, सांवरमल बंसल और महावीर अग्रवाल ने बताया कि आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सुबह 9 बजे से गुरूपूजन की शुरुआत होगी, जिसमें भक्तगण अपने गुरू के रूप में बाबूगिरीजी महाराज का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। साथ ही, भक्तों को गुरू दीक्षा भी प्रदान की जाएगी। इस पावन अवसर पर हनुमानजी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा और दोपहर में महाप्रसादी का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है।

गौरतलब है कि संकटमोचन हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष गुरूपूर्णिमा पर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरू भक्ति के इस पर्व में भाग लेने पहुंचते हैं। इस बार भी भक्तों में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# गढ़बोर चारभुजानाथ में बालाजी अखाड़ा फुलिया कला के खिलाड़ियों ने दिखाए हैरतअंगेज़ करतब

### शाहपुरा के रामस्नेही सम्प्रदाय के जगद्गुरु रामदयाल जी महाराज के पथरावणी कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब





भीलवाड़ा फोकस @ राजसमंद/शाहपुरा


गढ़बोर स्थित श्री चारभुजानाथ मंदिर परिसर में रामस्नेही संप्रदाय के जगद्गुरु आचार्य रामदयाल महाराज के पथरावणी कार्यक्रम के अवसर पर रविवार को भव्य जुलूस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाहपुरा के फुलिया कला स्थित श्री बालाजी अखाड़ा के खिलाड़ियों ने शारीरिक करतबों का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जुलूस में ग्यारह घोड़े भी शामिल रहे, जिन पर सवार होकर महाराज के स्वागत में विभिन्न तरह के शौर्य प्रदर्शन किए गए। कार्यक्रम में लाखों की संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष, युवा और संतगण उपस्थित रहे। जुलूस चारभुजानाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद बाजार मार्ग से होता हुआ कथा स्थल श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पहुंचा। कथा स्थल पर विधायक दिव्या कुमारी का समिति द्वारा स्वागत-सम्मान किया गया। इसके बाद धार्मिक कथा का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण वातावरण में भाग लिया। कथा के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आयोजक मंडल व स्थानीय समाजजनों की सराहना की जा रही है।

# भाजपा ने जिलेभर में मनाई डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती

## अयोध्या दर्शन कर लौटते समय भीलवाड़ा के हजारों कार्यकर्ताओं ने बांदीकुई स्टेशन पर किए श्रद्धासुमन अर्पित





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रवादी चिंतक और करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी ने जिले भर में बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं विधायक उदयलाल भडाना के सान्निध्य में अयोध्या दर्शन कर लौटते समय बांदीकुई स्टेशन पर भीलवाड़ा के हजारों कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान विचार के अग्रदूत डॉ मुखर्जी को याद करते हुए जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता हेतु उनका सर्वोच्च बलिदान हम सभी को सदैव राष्ट्रसेवा के कर्तव्यपथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देता रहेगा। विधायक उदयलाल भडाना ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के प्रखर विचार, समग्र चिंतन, सर्वांगीण विकास हेतु मार्गदर्शन गौरवशाली भारत के निर्माण के आधार हैं।

इस अवसर पर जिला महामंत्री भगवती प्रसाद जोशी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, मंजू चेचाणी, जिला मंत्री रेखा अजमेरा, प्रतिभा माली, जिलाध्यक्ष प्रवास प्रमुख मनोज बुलानी, मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर लाल जाट, कुलदीप शर्मा, जिला सोशल मीडिया संयोजक अजीत केसावत, सह संयोजक आकाश मालावत, मीनाक्षी नाथ, मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा, पंकज सुगंधी , प्रकाश सांगावत, सज्जन सुथार , मुकेश चेचाणी, अशोक अजमेरा, बजरंग सिंह राणावत, सावर गुर्जर, जितेन्द्र पाराशर सहित अनेक पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मांडलगढ़ में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित, बेलपत्र का किया वृक्षारोपण





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

प्रखर राष्ट्रवादी नेता एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर रविवार को कस्बे के जालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके पश्चात मंदिर परिसर में बेलपत्र का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वृक्ष की देखभाल एवं नियमित सिंचाई की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं ने ली। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्मभट्ट, नीलकमल पटवा, रामेश्वर तंबोली, कैलाश नायक सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए उनके सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया।

# बिजौलिया में मोहर्रम पर निकला ताजिया जुलूस

## शांति और सौहार्द के माहौल में किया गया सुपुर्द-ए-ख़ाक

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

(मानव तिवाड़ी) मोहर्रम के अवसर पर रविवार को कस्बे में मुस्लिम समाज की ओर से पारंपरिक ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस छोटी मस्जिद से प्रारंभ होकर बड़े दरवाजे, सब्जी मंडी, तेजाजी चौक और मुख्य बाजार होते हुए मंडोल बांध पहुंचा । जहां ताजिया को विधिवत सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों, मातमी धुनों और पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन के साथ जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन में मुजफ्फर अली शेख, हबीबुर रहमान, अख्तर अली चौधरी, शराफत हुसैन पठान, शाहिद ट्रेलर, शकील मंसूरी, रशीद पठान सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया।

प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारी पूरे मार्ग पर सतत निगरानी बनाए हुए थे। आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में सौहार्दपूर्वक संपन्न हुआ।



# ईरांस में 1.78 करोड़ की लागत से बना विद्यालय भवन लोकार्पित

## सांसद दामोदर अग्रवाल व विधायक जब्बर सिंह ने किया उद्घाटन, 19 कक्षा-कक्षों से सजे भवन में गूंजे शिक्षा के स्वर






भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(पेसवानी) रायला क्षेत्र की ईरांस ग्राम पंचायत स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 1.78 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवीन विद्यालय भवन का रविवार को भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ। भवन में कुल 19 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष शामिल हैं, जो क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल व अध्यक्ष आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला थे। अतिथियों ने ध्वजारोहण के बाद भवन का फीता काटकर विधिवत लोकार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ और रविवार सुबह हवन-यज्ञ से हुई।



उद्घाटन अवसर पर विद्यालय छात्राओं ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी सभी ने सराहना की। मंच संचालन कैलाश सुथार ने किया।

विशिष्ट अतिथि आईपीएस प्रशिक्षु सानिया रिणवा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷शिक्षा को आत्मविकास का माध्यम बनाएं, न कि केवल नौकरी का साधन। सरकार हर बच्चे को निःशुल्क शिक्षा दे रही है, इसे अपनाकर जीवन में आगे बढ़ें।

समारोह के अंत में अतिथियों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर, पूर्व डेयरी चेयरमैन रतनलाल चौधरी, हुरड़ा प्रधान कृष्णा सिंह, एडीपीसी डॉ. कल्पना शर्मा, सीबीईओ भंवरलाल सेन, तहसीलदार जय सिंह, गिरदावर मुकेश चोटिया, श्री नवग्रह आश्रम के हंसराज चौधरी, जेईएन सुरेश लोधी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, जिला परिषद सदस्य सुंदरलाल मेघवाल, सरपंच जुवारा भील, पत्रकार मूलचंद पेसवानी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# महिला आयोग की पूर्व सदस्य मुक्ता अरोड़ा ने बिजौलिया के ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण

## पर्यटन विकास की संभावनाओं पर जताई चिंता, सरकार से हस्तक्षेप की अपील

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

राजस्थान महिला आयोग की पूर्व सदस्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की पूर्व कोऑर्डिनेटर मुक्ता अरोड़ा ने रविवार को अपने परिवार सहित बिजौलिया क्षेत्र के प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने भड़क, मेनाल, मंदाकिनी मंदिर, भीमलत जलप्रपात सहित कई दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया।

भ्रमण के दौरान अरोड़ा ने कहा कि बिजौलिया क्षेत्र ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है, लेकिन यहां की पर्यटन संभावनाएं आज भी उपेक्षा का शिकार हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि इन स्थलों के संरक्षण और सुव्यवस्थित विकास की दिशा में ठोस पहल की जाए ताकि राज्य, देश और विदेश से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके।





इस अवसर पर कस्बा निवासी एवं शिक्षाविद घनश्याम सोनी ने मुक्ता अरोड़ा को बिजौलिया क्षेत्र के इन स्थलों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और धार्मिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

अरोड़ा ने कहा कि यदि इन स्थलों को राज्य के पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान दिया जाए और सुविधाओं का विस्तार किया जाए, तो यह क्षेत्र पर्यटन, रोजगार और सांस्कृतिक चेतना के लिए प्रेरणादायक बन सकता है।

## QUICK BITES

# युवा शक्ति क्लब ने मनाया गुरु पर्व, शिक्षकों का किया सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



कस्बे के सामाजिक संगठन युवा शक्ति क्लब द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी गुरु पर्व का आयोजन भव्य रूप से विजयवर्गीय मांगलिक भवन में किया गया। यह कार्यक्रम निजी विद्यालयों के शिक्षकों के सम्मान हेतु समर्पित रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के शिक्षक विनोद पारीक, सीमा यादव, बलवंत जैन, राकेश राठौड़, वीरा विजयवर्गीय, नीलिमा इनाणी, रमा जोशी, मुकेश सनाढ्य, डिंपल राठौड़, शर्मिला गौड़, ज्योति महावर एवं कमला गौड़ का माल्यार्पण कर श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अशोक विजयवर्गीय, प्रवीण विजयवर्गीय, ललित चावला, महावीर सेन, कमलेश कोली, हितेंद्र राजोरा, जगदीश बिल्लू, घनश्याम कानावत, राजेश पाराशर, किशन शर्मा, रमेश प्रजापत, मुकेश धाकड़, ओमप्रकाश धाकड़, संजय कोली, लोकेश चित्तौड़ा, पंकज सोनी, सुनील खटीक, एकलिंग कोली, अतुल जैन, नरेश सिंह तंवर, गोरी कसेरा और ज्योत्सना चित्तौड़ा सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में क्लब सदस्यों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन को समाज की धरोहर बताते हुए उनके योगदान की सराहना की।

# भाजपा ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयन्ति मनाई

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी




(राजेन्द्र बबलू पोखरना) प्रखर राष्ट्रवादी विचारक महान शिक्षाविद, भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर भाजपा मंडल कोटडी द्वारा ग्राम पंचायत कोटडी में कार्यक्रम के साथ मनाई गई। जिसमें मंडल के पदाधिकारी द्वारा दूसरी बार मंडलअध्यक्ष पद पर आसीन प्रहलाद सेन का स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन के बारे में बताते हुए आजाद भारत के इतिहास में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के लिए देश की एकता और अखाण्डता से बढ़कर कुछ नहीं था। उन्होंने डॉक्टर मुखर्जी के आदर्शों को जीवन मे उतारने पर जोर दिया। वही प्रधान करण सिंह बेलवा ने कहा उत्तर में कश्मीर से लेकर पूर्व में बंगाल तक उन्होंने देश की एक इंच तक कि भूमि के लिए भी संघर्ष किया और जम्मू कश्मीर से दो प्रधान दो विधान दो निशान समाप्त करने के संघर्ष में शहीद तक हो गए। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य धर्मचंद जीनगर, पूर्व प्रधान जमना लाल डीडवानिया, श्री कल्याण आचार्य, राजेंद्र सिंह हाडा, उप सरपंच नाना लाल तेली, नगर अध्यक्ष निर्मल लोढा, लक्ष्मी लाल जीनगर, रामस्वरूप गुर्जर, राघव आचार्य, सीताराम रायका, राधेश्याम शर्मा , जंतर सेठी, ओम माली, महावीर माली, दिनेश डीडवानिया, प्रभु लाल बैरवा, प्रकाश गाडरी, अमित चेचाणी, महावीर वैष्णव, नारायण कुम्हार, अभय सिंह, रामकुमार जाट, नारायण सिंह सहित भाजपा मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890